ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 18-08-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-08-18 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-08-19	2022-08-20	2022-08-21	2022-08-22	2022-08-23
वर्षा (मिमी)	45.0	40.0	20.0	15.0	20.0
अधिकतम तापमान(से.)	26.0	26.0	27.0	27.0	27.0
न्यूनतम तापमान(से.)	21.0	20.0	20.0	20.0	21.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	96	97	99	92	92
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	72	88	69	71	73
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.6	5.7	6.4	6.2	6.6
पवन दिशा (डिग्री)	251	22	34	63	68
क्लाउड कवर (ओक्टा)	8	8	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 26.0 से 27.0 व 20.0 से 21.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-7.0 किमी/ घंटे की गति से पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-उत्तर-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 18 और 19 अगस्त को कुछ स्थानों में भारी वर्षाए गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।ईआरएफएस के अनुसार, 21 से 27 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों (14 जुलाई से 10 अगस्त के दौरान) से जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) ओं और ऐप सेंटसें र (आईओएस उपयोगकर्ताओं) ओं से डाउनलोड किया जा सकता है| पशुओं को बारिश का पानी न पिलायें व खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें तथा रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। अत्यधिक वर्षा के कारण फल पौधों के थालों में एकत्रित पानी के निकास की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनीः 18 और 19 अगस्त को कुछ स्थानों में

भारी वर्षाए गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने और तेज बौछारें पड़ने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मक्का	मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए फसल में अभी सिंचाई न करें तथा खेत में जल निकास की उचित व्यवस्था बनायें रखें। नर मंजरी निकलते समय संतुति अनुसार नत्रजन की टॉप-ड्रेसिंग मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
चावल	वर्षा के पश्चात् अथवा मिट्टी में उपयुक्त नमी होने पर चेतकी/जेठी धान में 1.25 किग्रा यूरिया प्रति नाली की दर से टॉप-ड्रेसिंग करें। धान में कहीं-कहीं पर बैक्टीरिया जनित झुलसा रोग का प्रकोप देखा जा रहा है। जिन खेतों में पंक्तियों के अगले भाग सूखकर सफेद हो गये हों या पंक्तियो के दोनों किनारे ऊपर से नीचे की ओर सूखते हुये सफेद हो रहे हों वहाँ खेतों में कॉपर ओक्सीक्लोराइड 500ग्राम तथा स्टेपटोसाइक्लिन 15ग्राम, 500 लीटर पानी में घोलकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिकाव करें। छिड़काव करने के पूर्व खेत से पानी निकाल दें तथा यूरिया का प्रयोग न करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
ब्रोकोली	मूली, बंदगोभी, ब्रोकली एवं शलजम की अगेती प्रजातियो का प्रतिरोपण करें।
सब्जी पीईए	असिंचित मध्यम ऊँचे पर्वतीय क्षेत्रों में अगस्त मध्य में सब्जी मटर की बुवाई हेतु मटर की अगेती किस्मों के बीज की व्यवस्था कर बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें। ध्यान रहें की बीज उपचारित हो।
सेम की फली	फ्रासबीन में सफेद सड़न की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।
राजमा/ लोबिया	लोबिया में सफेद सड़न की रोकथाम हेतु कार्बेन्डाजिम 1 ग्राम/लीटर का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करे।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं को गलघोटू रोग से बचाने के लिए जानवरों को साफ-सुथरे स्थान पर बांधे तथा आस-पास बरसात का पानी इकट्ठा ना होने दें। गलघोटू रोग के लक्षण दिखने पर पीड़ित पशु की नस में सफोनामाइडस जैसे सल्फामेथाजाइन या सल्फरडाईमिडेन 150 मिग्रा/किग्रा के हिसाब से तीन दिन तक पशुचिकित्सक की सलाह से दें।